# बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर

BASTAR VISHWAVIDYALAYA, JAGDALPUR

(A STATE UNIVERSITY)

(Dharampura) Distt.-Bastar (C.G., India) 494005

Phone 07782-229037, Fax 07782-229037, www.bvvjdp.ac.in


विद्या–परिषद की बैठक दिनांक 07.07.2014 को समय प्रातः 11.00 बजे विश्वविद्यालय के सभा भवन में आयोजित किया गया निम्नानुसार सदस्यों की उपस्थिति रही :–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | डॉ. एन.डी. आर. चन्द्र,<br>कुलपति,<br>बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर | अध्यक्ष |
| 2. | डॉ. (श्रीमती) इन्दु अनंत,<br>कुलसचिव,<br>बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर | सचिव |
| 3. | डॉ. (श्रीमती) रश्मि शुक्ला,<br>शास. दन्तेश्वरी महिला महाविद्यालय, जगदलपुर | संकायाध्यक्ष<br>गृह विज्ञान / जीवविज्ञान संकाय |
| 4. | डॉ. सी.आर. पटेल,<br>शास. गेंदसिंह महाविद्यालय, चारामा | संकायाध्यक्ष<br>सामाजिक विज्ञान संकाय |
| 5. | श्री आर.पी.तिवारी,<br>श्री वेदमाता गायत्री शिक्षा महाविद्यालय,<br>जगदलपुर | संकायाध्यक्ष<br>शिक्षा / कला संकाय |
| 6. | डॉ. एम.एल. लखनपाल,<br>शास. नवीन महाविद्यालय, भानपुरी | संकायाध्यक्ष<br>विज्ञान / विधि संकाय |
| 7. | श्री अमितांशु शेखर झा,<br>शास. काकतीय पी.जी. महाविद्यालय,<br>जगदलपुर | अध्यक्ष<br>भू–गर्भ शास्त्र |
| 8. | श्री मनोहर बोकाडो,<br>शास. महर्षि वाल्मीकी महाविद्यालय,<br>भानुप्रतापपुर | अध्यक्ष<br>गणित |
| 9. | डॉ. एच.के.एस.गजेन्द्र,<br>शास. अरविन्द महाविद्यालय, किरन्दुल | अध्यक्ष<br>प्राणी विज्ञान |
| 10. | सुश्री आर.कुलदीप,<br>शास. पी.जी. महाविद्यालय, कांकेर | अध्यक्ष<br>वनस्पति शास्त्र |
| 11. | डॉ. स्वपन कुमार कोले,<br>अध्ययनशाला बस्तर विश्वविद्यालय,<br>जगदलपुर | अध्यक्ष<br>मानवविज्ञान एवं जनजातीय |
| 12. | डॉ. (श्रीमती) एस.आतराम<br>शास. पी.जी. महाविद्यालय, कांकेर | अध्यक्ष<br>राजनीति शास्त्र |

| | | |
|---|---|---|
| 13. | डॉ. डी.पी.कुर्रे,<br>शास. दन्तेश्वरी महिला महाविद्यालय,<br>दन्तेवाड़ा | अध्यक्ष<br>अर्थशास्त्र |
| 14. | डॉ. प्रीति तिवारी,<br>शास. विज्ञान महाविद्यालय, रायपुर | अध्यक्ष<br>जैव प्रौद्योगिकी |
| 15. | डॉ. प्रवीण देवांगन,<br>शास. विज्ञान महाविद्यालय, रायपुर | अध्यक्ष<br>संगणक |
| 16. | डॉ. एस.आर. बंजारे,<br>शास. पी.जी. महाविद्यालय, कांकेर | अध्यक्ष<br>हिन्दी |
| 17. | सुश्री तस्नीम अख्तर,<br>शास.पी.जी. महाविद्यालय, जगदलपुर | अध्यक्ष<br>अंग्रेजी |
| 18. | श्री एस.पी. तिवारी,<br>शास. दन्तेश्वरी महिला महावि., जगदलपुर | अध्यक्ष<br>प्राचीन भारतीय इतिहास |
| 19. | डॉ. शरद नेमा,<br>अध्ययनशाला बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर | अध्यक्ष<br>वानिकी एवं वन्यजीव |
| 20. | डॉ. डी.डी.प्रुष्टी<br>शास.छ.ग. महाविद्यालय, रायपुर | अध्यक्ष<br>विधि |
| 21. | डॉ. विनोद सोनी,<br>अध्ययनशाला बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर | सदस्य |
| 22. | डॉ. ए.के.पाण्डेय,<br>शास. वीर गेंदसिंह महाविद्यालय, पखांजूर | सदस्य |
| 23. | श्री लक्ष्मण शुक्ला,<br>ठाकुर भावसिंह कला/विज्ञान महाविद्यालय,<br>नरहरपुर | सदस्य |
| 24. | डॉ. व्ही. विजयलक्ष्मी,<br>शास. दन्तेश्वरी महिला महाविद्यालय, जगदलपुर | सदस्य |
| 25. | डॉ. श्रीमती रश्मि सिंह,<br>शास. इंदरू केंवट कन्या महाविद्यालय, कांकेर | सदस्य |
| 26. | डॉ. आनंदमूर्ति मिश्रा,<br>अध्ययनशाला बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर | सदस्य |
| 27. | डॉ. आयशा कुरैशी,<br>शासकीय महाविद्यालय, चारामा | सदस्य |

उक्त सम्मिलित सदस्यों का स्वागत किया गया तथा पूर्व बैठक दिनांक 31.05.2014 के कार्यवृत का सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया।

विषय क्रमांक –1

बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर में ढोकरा कला एवं जनजातीय कला पर प्रमाण – पत्र एवं डिप्लोमा पाठ्यक्रम प्रारंभ करने विषय। (संलग्न पत्र)

निर्णय – बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर में ढोकरा कला एवं जनजातीय कला पर प्रमाण – पत्र एवं डिप्लोमा पाठ्यक्रम प्रारंभ करने के लिए सर्वसम्मति से अनुमति प्रदान की गई।

विषय क्रमांक –2

शिक्षाविद् डॉ. के.के.झा द्वारा बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर से मानवविज्ञान पाठ्यक्रम में डी.लिट्. करने विषयक। (संलग्न पत्र) पद्यति एवं डिप्लोमा

निर्णय – शिक्षाविद् डॉ. के.के.झा द्वारा बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर से मानवविज्ञान एवं जनजातीय पाठ्यक्रम में डी.लिट्. करने संबंधी आवेदन पर विचार – विमर्श कर निर्णय लिया कि पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर के अध्यादेश क्रमांक 46 डी.लिट्, डी.एस.सी. को बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर द्वारा अंगीकृत किया जाना मान्य किया गया। इस अध्यादेश में किसी तरह के शिथिलता अथवा संशोधन का कोई प्रस्ताव हो तो आगामी बैठक में प्रस्तावित किया जाये।

विषय क्रमांक –3

स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम के सेमेस्टर पद्यति एवं डिप्लोमा सर्टिफिकेट पाठ्यक्रमों में पुनमूल्यांकन प्रथा समाप्त कर पुनर्गणना का प्रावधान किये जाने विषयक। पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर द्वारा समन्वय समिति के अनुमोदन पश्चात् अध्यादेश 170 में संशोधन कर पुनर्मूल्यांकन की व्यवस्था को स्नातकोत्तर सेमेस्टर एवं डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में समाप्त कर केवल पुनर्गणना का प्रावधान रखा गया है। अतः बस्तर विश्वविद्यालय में इसे लागू किये जाने पर विचार करना।

निर्णय – स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम के समेस्टर पद्यति एवं डिप्लोमा सर्टिफिकेट पाठ्यक्रमों का पुनर्मूल्यांकन समाप्त किये जाने संबंधी प्रस्ताव पर सम्मानित सदस्यों से अभिमत लिया गया तथा एक वर्ष के लिए इस प्रस्ताव को स्थगित रखने का निर्णय लिया गया है तथा चार सदस्यी समिति बनाकर इस संबंध में अभिमत/रिपोर्ट प्राप्त कर ली जाय। यदि पुनर्मूल्यांकन हटाने की अनुसंशा की जाती है तो अन्य विकल्प के बारे स्पष्ट उल्लेख समिति करेगी। यह भी निर्णय लिया गया ।

समिति के सदस्य निम्नानुसार होंगे :—

1. डॉ. शरद नेमा, सह प्राध्या., वानिकी एवं वन्यजीव अध्ययनशाला — अध्यक्ष

2. डॉ. अमितांशु झा, सहा. प्राध्या., शास. पी.जी. महावि., जगदलपुर — सदस्य

3. डॉ. रश्मि शुक्ला, प्राध्यापक, शास. महिला महवि., जगदलपुर — सदस्य

4. डॉ. एस.आर.बंजारे, सहायक प्राध्यापक, शास. पी.जी. महावि., कांकेर — सदस्य

5. डॉ. स्वपन कुमार कोले, प्रभारी उपकुलसचिव, — प्रस्तुतकर्ता

समिति एक महीने के अन्दर अपना रिपोर्ट कुलपति को प्रस्तुत करेगी।

विषय क्रमांक —4

बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर में बिलासपुर विश्वविद्यालय एवं पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर के स्कोरकार्ड को लागू करने विषयक। (संलग्न पत्र)

निर्णय — बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर में बिलासपुर विश्वविद्यालय एवं पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर के स्कोरकार्ड को लागू करने की स्वीकृति प्रदान की गई।

विषय क्रमांक —5

1. बस्तर विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालयों में संचालित स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में सेमेस्टर पद्यति लागू किये जाने संबंधी।

2. परीक्षा शुल्क में 10 प्रतिशत वृद्धि करने संबंधी।

3. स्नातकोत्तर सेमेस्टर प्रणाली के पाठ्यक्रम मूं पुनर्मूल्यांकन की प्रथा समाप्त करने संबंधी।

4. परीक्षा केन्द्रों के सत्र 2013—14 का परीक्षा कार्य में संलग्न तृतीय एवं चतुर्थ वर्ग कर्मचारियों का पारिश्रमिक दर निर्धारण संबंधी।

5. सत्र 2015 से OMR शीट पद्यति से परीक्षा फार्म मुद्रण कर फार्म भरवाने संबंधी।

6. सत्र 2013— 14 का परीक्षा केन्द्र अनुमोदन।

निर्णय — 1. बस्तर विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालयों में संचालित स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में सेमेस्टर लागू किये जाने संबंधी प्रस्ताव पर चर्चा की गई एवं निर्णय लिया गया कि पुनर्मूल्यांकन के लिए गठित समिति स्नातकोत्तर स्तर पर सेमेस्टर पाठ्यक्रम लागू किये जाने के संबंध में भी विचार कर अपनी अनुसंशा देगी एवं यह समिति सेमेस्टर पद्धति के लिए पाठ्यक्रम निर्धारण का भी प्रस्ताव देगी।

2. परीक्षा शुल्क में 10 प्रतिशत वृद्धि करने पर सर्वसम्मति से प्रस्ताव को मान्य की गई।

3. विषय क्रमांक – 3 में निर्णय हो चुका है विचारणीय नहीं।

4. परीक्षा केन्द्रो के सत्र 2013–14 का परीक्षा कार्य में संलग्न तृतीय एवं चतुर्थ वर्ग कर्मचारियों का पारिश्रमिक दर पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर का दर को अंगीकृत किया जाना मान्य किया गया।

5. सत्र 2015 से OMR शीट पद्यति से परीक्षा फार्म मुद्रण कर फार्म भरवाने संबंधी प्रस्ताव को मान्य किया गया एवं महाविद्यालय स्तर पर फार्म भरवाने के लिए विश्वविद्यालय प्रशिक्षण संबंधी कार्यवाही करें यह सुझाव भी दिया गया।

6. सत्र 2013– 14 का परीक्षा केन्द्र का कार्योत्तर अनुमोदन किया गया।

**विषय क्रमांक –6**

छत्तीसगढ़ शासन, उच्च शिक्षा विभाग, महानदी भवन, नया रायपुर के पत्र क्रमांक एफ 17–60/न.अ.महा.प्रारंभ/2014/38–2 रायपुर दिनांक 23.06.2014 के अनुसार नवीन अशासकीय महाविद्यालय ''सुखसागर देवी प्रबंधन महाविद्यालय, धरमपुरा, जगदलपुर'' द्वारा शैक्षणिक सत्र 2014–15 से प्रारंभ करने के लिए विश्वविद्यालय से संबद्धता प्रदान करने संबंधी आवेदन पर विचार करना।

निर्णय – नवीन अशासकीय महाविद्यालय सुखसागर देवी प्रबंधन महाविद्यालय, जगदलपुर के आवेदन पर विचार किया गया एवं निर्णय लिया गया कि विश्वविद्यालय द्वारा गठित तीन सदस्यी समिति तीन दिवस में महाविद्यालय का निरीक्षण कर अपनी अनुसंशा कुलपति को सौंपेगी। जिसके आधार पर कुलपति पूर्णतः अस्थाई, सशर्त, छात्रों को प्रवेश दिये जाने पर निर्णय लेंगे तथा आगामी विद्या – परिषद की बैठक में अस्थाई संबंद्धता प्रदान करने के लिए प्रकरण प्रस्तुत किया जाये।

**विषय क्रमांक –7**

बस्तर विश्वविद्यालय द्वारा शैक्षणिक सत्र 2014–15 में बी.एड. पाठ्यक्रम प्रारंभ करने एवं उक्त पाठ्यक्रम का फीस निर्धारण करने के संबंध में।

राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् मानस भवन, श्यामला हिल्स, भोपाल के पत्र क्रमांक WRC/APP2485/203/B.Ed./2014/116089 Date 03.03.2014 के अनुसार बस्तर विश्वविद्यालय हेतु शैक्षणिक सत्र 2014–15 में बी.एड.पाठ्यक्रम प्रारंभ करने एवं 100 सीट की स्वीकृति प्रदान किया गया है।

बी.एड. पाठ्यक्रम के लिए फीस शासकीय शिक्षा महाविद्यालय, रायपुरएवं शासकीय महाविद्यालय, बिलासपुर के समान 8500/– (1000/–काशनमनी के साथ)निर्धारित किया गया है। अतः उक्त फीस बस्तर विश्वविद्यालय,जगदलपुर द्वारा लिया जाना सुनिश्चित किया गया है।

निर्णय – बस्तर विश्वविद्यालय द्वारा शैक्षणिक सत्र 2014–15 में बी.एड. पाठ्यक्रम प्रारंभ करने एवं उक्त पाठ्यक्रम का शुल्क निर्धारण के संबंध में विचार किया गया समिति ने बी.एड. पाठ्यक्रम का अनुमोदन, शासन द्वारा निर्धारित शुल्क की स्वीकृति और 100 सीट की स्वीकृति की जानकारी से अवगत हुई एवं स्वीकृति प्रदान की गई।

विषय क्रमांक –8

बस्तर विश्वविद्यालय (मांग संख्या –41) M.B.A. अंग्रेजी, राजनीति विज्ञान में स्नातकोत्तर प्रारंभ करने संबंधी जानकारी। (संलग्न)

निर्णय – बस्तर विश्वविद्यालय (मांग संख्या –41) M.B.A. अंग्रेजी, राजनीति विज्ञान में स्नातकोत्तर प्रारंभ करने संबंधी जानकारी से समिति अवगत हुई।

विषय क्रमांक –9

बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर में पी एच.डी. पाठ्यक्रम प्रारंभ करने हेतु शुल्क, कोर्सवार्क सिलेबस अनुमोदन, अध्यादेश का पालन एवं आवश्यक संशोधन एवं दिशा निर्देश के संबंध में।

निर्णय – बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर में पी एच.डी. पाठ्यक्रम प्रारंभ करने हेतु शुल्क, कोर्सवार्क सिलेबस अनुमोदन, अध्यादेश का पालन एवं आवश्यक संशोधन एवं दिशा निर्देश मान्य, अनुमोदित किया गया।

विषय क्रमांक –10

बस्तर विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालयों में छात्रसंघ चुनाव विषयक।

निर्णय – बस्तर विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालयों में छात्रसंघ चुनाव विषयक प्रकरण पर विचार कर निर्णय लिया गया कि अध्यादेशीय प्रावधानों के अनुरूप एवं समन्वय समिति द्वारा जारी मार्गदर्शिका के अनुसार छात्रसंघ चुनाव सम्पन्न कराये जाय।

विषय क्रमांक –11

माननीय अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य विषयों पर चर्चा।

निर्णय – माननीय कुलपति महोदय द्वारा जारी, अध्यक्ष महोदय की अनुमति से पूरक विषय निम्नानुसार :–

विषय क्रमांक –1

Certificate Course in Non-Government Organizations Management (Certificate Course in NGO's Management) पाठ्यक्रम हेतु अध्यादेश एवं शुल्क अनुमोदनार्थ।

निर्णय – Certificate Course in Non-Government Organizations Management (Certificate Course in NGO's Management) पाठ्यक्रम हेतु अध्यादेश एवं शुल्क अनुमोदित किया गया।

विषय क्रमांक –2

मानवाधिकार से संबंधित पाठ्यक्रम स्नातक स्तर पर पर्यावरण अध्ययन एवं मानवाधिकार से संबंधित पाठ्यक्रम केन्द्रीय अध्ययन मण्डल द्वारा अनुमोदित करने पश्चात् संबद्धता महाविद्यालयों में लागू करने संबंधी प्रस्ताव।

निर्णय – मानवाधिकार से संबंधित पाठ्यक्रम स्नातक स्तर पर पर्यावरण अध्ययन एवं मानवाधिकार से संबंधित पाठ्यक्रम केन्द्रीय अध्ययन मण्डल द्वारा अनुमोदित करने पश्चात् संबद्धता महाविद्यालयों में लागू करने शैक्षणिक सत्र 2014–15 से के लिए जारी किया जाय।

विषय क्रमांक –3

बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर के डी. लिट् की मानद उपाधि हेतु परिनियम क्रमांक 14 में निहित प्रावधानुसार माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति महोदय द्वारा नामित डॉ. एस.के. पाटिल, कुलपति इंदिरा गांधी कृषि, विश्वविद्यालय रायपुर की उपस्थिति में दिनांक 22.05.2014 को बैठक आहुत की गई, जिसमें स्व. लाला जगदलपुरी को डी.लिट् की मानद उपाधि प्रदान करने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। मान. विद्यापरिषद के सूचनार्थ प्रस्तुत।

निर्णय – बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर के स्वर्गीय लालाजगदलपुरी को डी.लिट् की मानद उपाधि प्रदान करने संबंधी कार्यवाही को सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गई।

विषय क्रमांक –4

विश्वविद्यालय में स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर पर पर्यटन प्रबंधन संबंधित पाठ्यक्रम प्रारंभ करने के संबंध में प्रस्ताव

निर्णय – विश्वविद्यालय में स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर पर पर्यटन प्रबंधन संबंधित पाठ्यक्रम प्रारंभ करने के संबंध में प्रस्ताव को पर विचार किया गया। इस संबंध में प्रस्ताव तैयार करने के लिए मानवविज्ञान एवं जनजातीय अध्ययनशाला को अधिकृत किया गया।

**विषय क्रमांक –5**

बी.एड. पाठ्यक्रम हेतु स्वीकृत शैक्षणिक पदों पर सीधी भर्ती हेतु विज्ञापन जारी करने के संबंध में प्रस्ताव।

निर्णय – बी.एड. पाठ्यक्रम हेतु स्वीकृत शैक्षणिक पदों पर सीधी भर्ती हेतु विज्ञापन जारी करने के संबंध में प्रस्ताव मान्य किया गया। पदों के वेतन संबंधी विसंगतियॉ के लिए कुलसचिव संबंधित विभागों से पत्राचार करेंगी।

**विषय क्रमांक –6**

विश्वविद्यालय में रिक्त विभिन्न शैक्षणिक पदों पर भर्ती के लिए विषय विशेषज्ञों की सूची (गोपनीय बंद लिफाफा में) मान. विद्यापरिषद के समक्ष अनुमोदनार्थ संलग्न है।

निर्णय – विश्वविद्यालय में रिक्त विभिन्न शैक्षणिक पदों पर भर्ती के लिए विषय विशेषज्ञों की सूची (गोपनीय बंद लिफाफा में) मान. कुलपति के द्वारा विद्या–परिषद के समक्ष प्रस्तुत किया गया शैक्षणिक पद पर भर्ती के लिए कुलपति को अधिकृत किया गया।

विद्या–परिषद के सम्मानीय सदस्यों का आभार मानते हुए बैठक समाप्त की गई।

कुलपति
बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर

कुलसचिव 07/7/2014
बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर